दिनांक : 01.04.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रदेश के 19 नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आज से शराब की दुकानें बंद।
- प्रदेश में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारंभ की जाएगी, योजना का प्रस्ताव तैयार।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज से स्कूल चले हम अभियान का करेंगे शुभारंभ।
- प्रदेष के मौसम में बदलाव, भोपाल और खंडवा में बूंदाबांदी, 6 जिलों में हल्की आंधी और बिजली गिरने का अलर्ट।

शराब दुकानें- प्रदेश

प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों एवं ग्राम पंचायतों में आज से शराब दुकानें बंद कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की धार्मिक नगरों में शराबबंदी की इस घोषणा को लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर में हुई केबिनेट ने मंजूरी दी थी। निर्णय के अनुसार उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मंडलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मण्डला, मुलताई, मंदसौर और अमरकंटक की सम्पूर्ण नगरीय सीमा में और सलकनपुर, कुण्डलपुर, बांदकपुर, बरमानकलां, बरमानखुर्द और लिंगा की ग्राम पंचायत सीमा में समस्त मदिरा दुकानों एवं बार को बंद किया गया है।

मुख्यमंत्री-बैठक

प्रदेश में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारंभ की जाएगी। इसके लिए योजना का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। कल मुख्यमंत्री निवास में नवीन परिवहन सेवा-मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के संबंध में प्रारंभिक चर्चा के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर प्रदेश के सभी जनजातीय क्षेत्रों में सुगम यात्री परिवहन के लिए सरकार हर जरूरी प्रयास करेगी। सचिव परिवहन मनीष सिंह ने कहा कि नई परिवहन योजना में प्रदेश में यात्री बसों के संचालन की त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक राज्यस्तरीय होल्डिंग कंपनी गठित की जाएगी। प्रदेश के सात बड़े संभागों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर और रीवा में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी गठित की जाएगी।

सदाकाल गुजरात

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल भोपाल में अखिल भारतीय गुजराती समाज के कार्यक्रम सदाकाल गुजरात में शामिल होते हुए कहा कि गुजराती समाज का मध्यप्रदेश के विकास में विशेष योगदान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत को बनाने में मध्यप्रदेश की जनता के साथ गुजराती समाज लगातार सहयोग और सहभागिता कर रहा है।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल ने गुजरात राज्य की भौगोलिक चुनौतियों को अवसरों में बदल कर गुजरात को देश का ग्रोथ इंजन बनाने वाले प्रधानमंत्री श्री मोदी की कार्यकुशलता की सराहना की। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी भी शामिल हुए।

गडकरी- ई वाहन

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में वायु प्रदूषण की समस्या कम करने के लिए विद्युत चालित वाहन सबसे बेहतर विकल्प हैं।

श्री गडकरी ने कल महाराष्ट्र के ठाणे में लैब इंडिया माध्यम से ई-साइकिल का उद्घाटन किया। श्री उन्होंने कहा कि देश में वायु प्रदूषण एक बड़ी समस्या है पर केंद्र सरकार ने इस समस्या के समाधान की जिम्मेदारी ली है। श्री गडकरी ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत वर्ष 2030 तक इलेक्ट्रिक वाहन के उत्पादन में शीर्ष पर पहुंच जाएगा।

स्कूल चले हम अभियान

प्रदेश में आज से स्कूल चलें हम अभियान प्रारंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुबह 9 बजे अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत

किया जाएगा और राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न खेलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान होगा। इस मौके पर स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा पोर्टल 3.0 का शुभारंभ भी होगा। प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्राइमरी, मीडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं।

आज से नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू हो रहा है। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025 के माध्यम से सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश की कार्यवाही एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर स्टूडेंड डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम प्रणाली पर की जा रही है। प्रदेश में जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में सांसद, विधायक और अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन कल शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम होगा।

देवी अहिल्या की पुण्य गाथा' नाटक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल खरगोन जिले के महेश्वर में विश्व मांगल्य सभा द्वारा 'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्याबाई की पुण्य गाथा' नाटक के मंचन अवसर पर षामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई ने 300 वर्ष पहले जनकल्याण के जो काम किये और सभी संकटों को पार कर सुशासन के प्रतिमान स्थापित किए हैं, वे आज हम सब के लिए प्रेरणादायक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवी अहिल्या बाई की जीवनगाथा पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन भी किया।

मौसम

प्रदेष के मौसम में बदलाव आया है। अप्रैल माह के षुरूआती तीन दिनों में ओले-बारिष और आंधी का मजबूत सिस्टम सक्रिय हो रहा है। जिसका असर प्रदेष के 40 से ज्यादा जिलों पर पडेगा। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी सीहोर, खंडवा, दक्षिण खरगोन, बुरहानपुर, नर्मदापुरम और देवास में हल्की आंधी के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। भोपाल और खंडवा में कल शाम को बूंदाबांदी हुई।

मौसम विभाग के अनुसार आज नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर और खंडवा में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। हरदा, खरगोन, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा में तेज आंधी और गरज-चमक की स्थिति रहेगी। यहां हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है। भोपाल,

विदिशा, रायसेन, सीहोर, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, देवास, मंदसौर, नरसिंहपुर और सागर में 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलेगी।

आईपीएल टी20 क्रिकेट

आईपीएल टी20 क्रिकेट में, मुंबई इंडियंस ने बीती रात मुंबई में कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस ने 117 रनों के लक्ष्य को 12 ओवर और 5 गेंदों पर बड़ी आसानी से हासिल कर लिया और सिर्फ दो विकेट खोकर 121 रन बना लिए। मुंबई के सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन ने 41 गेंदों पर नाबाद 62 रन बनाए, वहीं सूर्यकुमार यादव ने इस जीत में सिर्फ 9 गेंदों पर 27 रनों का योगदान दिया।

समाचार संक्षेप में .....

- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल गुना जिले के जनपद पंचायत बमोरी में स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने महिलाओं से संवाद कर उनके उत्पादों की सराहना की।
- बैतूल में एमपी ट्रांसको के कर्मियों के लिए ‘सीपीआर और अन्य ऐसे ही जीवन रक्षक तकनीकों‘ पर जिला चिकित्सालय में कार्यशाला की गई। कार्यषाला में अधिकारी एवं कर्मचारियों को उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया।
- जबलपुर में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य पर कल मंगल कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम दिन इंदौर जिले में संपत्ति पंजीयन से 12 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व का संग्रहण किया गया। प्रदेश की कुल राजस्व आय की 22 प्रतिशत राशि इंदौर जिले से प्राप्त हुई है।
- अषोकनगर में आज स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। साथ ही स्कूलों में विशेष सत्र आयोजित होगें।

-------